**प्रश्न 1- नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x5=5)**

एक कहावत है, "बातन हाथी पाइए, बातन हाथी पाँव।" इसका मतलब यह है कि अगर ढंग से बात की जाए तो सुनने वाला ख़ुश होता है, इनाम भी दे सकता है। अगर बातचीत का तरीका गलत या खराब हो तो लोग नाराज़ हो सकते हैं, यहाँ तक की सज़ा भी दे सकते हैं। बातचीत के अच्छे तरीके में पहली महत्वपूर्ण बात है, विनम्रता। मान लो, किसी बड़े व्यक्ति ने तुम्हें बुलाया। अगर बातचीत का तरीका तुम्हें आता है, तो तुम कहोगे, "जी आया।" नहीं तो कहोगे, "हाँ, आता हूँ।" पहले उत्तर से बुज़ुर्ग ख़ुश होंगे। दूसरे उत्तर से भी नाराज़ भले ही ना हों, पर ख़ुश भी नहीं होंगे। बातचीत करते समय अपनी ही बात नहीं होनी चाहिए बल्कि सामने वाले की बात को भी पूरे ध्यान और धीरज से सुनना चाहिए। अच्छी बातचीत के लिए अच्छी भाषा भी होनी चाहिए। अच्छी भाषा के लिए जरूरी है कि अच्छी-अच्छी पुस्तकें पढ़िए। जब कोई बातचीत में किसी अच्छे शब्द का प्रयोग करे तो उसे ध्यान से सुनिए। धीरे-धीरे अपनी बातचीत में उन शब्दों को लाने की कोशिश कीजिए। विनम्रता और शिष्टाचार आपके जीवन का हिस्सा होना चाहिए। बातचीत में दिखावा या बनावटीपन नहीं झलकना चाहिए।

क) हमारी बातचीत करने का ढंग दूसरों पर किस प्रकार प्रभाव डालता है?

i) हमारी बातें अच्छी हो तो दूसरे ध्यान से हमें सुनते हैं।

ii ) अगर बातचीत में विनम्रता हो तो हम दूसरों के हृदय में अपना स्थान बना लेते हैं।

iii) अगर हमारी बातचीत करने का ढंग अच्छा है तो हम दूसरों को खुश कर देते हैं और अगर हमने ग़लत ढंग से बातचीत की तो दूसरे नाराज़ हो जाते हैं।

iv) हम अपनी बात कम शब्दों में कहें वरना दूसरों का समय व्यर्थ होगा।

ख) हमारे बातचीत करने के ढंग में क्या झलकना चाहिए?

i) नराज़गी तथा गुस्सा

ii) अशिष्टता तथा आदर

iii) दिखावा तथा बनावटीपन

iv) विनम्रता तथा शिष्टाचार

ग) 'इनाम' तथा 'कठोरता' का विलोम अर्थ बताने वाले शब्द हैं-

i) नाराज़ तथा ख़ुश

ii) धीरज तथा तरीक़ा

iii) सज़ा तथा विनम्रता

iv) विनम्रता तथा शिष्टता

LIVEWORKSHEETS

घ) अपनी बातचीत की भाषा सुधारने के लिए क्या करना चाहिए?
i) अच्छी- अच्छी पुस्तकें पढ़ें तथा अपनी बातचीत में अच्छे शब्दों  का प्रयोग करें।
ii) हमें प्रश्न पूछने चाहिए ताकि हम अपनी भाषा सुधार सकें।
iii) प्रतिदिन बोलने का अभ्यास करना चाहिए।
iv) बातचीत में बनावटीपन लाने की कोशिश करनी चाहिए।

ङ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक है-
i) हमारी बातचीत
ii) अच्छी भाषा
iii) आओ बातचीत करें
iv) बातचीत का तरीक़ा

LIVEWORKSHEETS